कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3/2018/1015 लखनऊ:दिनांक 06 मई, 2018

यू0पी0 नीट पी0जी0–2018 के अन्तर्गत आल इण्डिया कोटे की समर्पित सीटो के आवंटन के संबंध मे आवश्यक सूचना

- रिट याचिका सं0 (सिविल) 267/2017 दार–उल–सलाम एजूकेशनल ट्रस्ट व अन्य बनाम मेडिकल काउन्सिल आफ इण्डिया मे पारित माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश दिनांक 09.5.2017 के अनुपालन मे नीट पीजी–2018 के अन्तर्गत आल इण्डिया कोटे की समर्पित सीटों पर आवंटन की कार्यवाही नीट पीजी–2018 की आल इण्डिया मेरिट के आधार पर सम्पन्न की जायेगी। स्टेट कोटे की सीटो पर आवंटन स्टेट मेरिट के आधार पर किया जायेगा।
- वेबसाईट ***https://upneet.gov.in*** पर पंजीकृत ऐसे सभी अभ्यर्थी जिन्होंने धरोहर धनराशि जमा कर रखी है, वह आल इण्डिया तथा स्टेट दोनों कोटे की रिक्त सीटों के लिए अर्ह है।
- अभ्यर्थियों को विकल्प भरते समय आल इण्डिया तथा स्टेट कोटे की सीटें प्रदर्शित होगी। आवंटन प्रक्रिया सर्वप्रथम आल इण्डिया कोटे की सीटों पर की जायेगी, तत्पश्चात् स्टेट कोटे की सीटों पर की जायेगी।
- अभ्यर्थी द्वारा दिये गये विकल्पों मे यदि आल इण्डिया कोटे से आवंटन प्राप्त हो जाता है, तो वह अभ्यर्थी स्टेट कोटे की सीटों के आवंटन प्रक्रिया से बाहर हो जायेगा। अतः अभ्यर्थी वही विकल्प प्रस्तुत करें जिसमें वह प्रवेश के इच्छुक हों।
- आल इण्डिया कोटे से आवंटन प्राप्त अभ्यर्थियों का प्रवेश आल इण्डिया द्वारा निर्धारित नियमों/शर्तो एवं प्रतिबन्धों के आधार पर तथा स्टेट कोटे से आवंटन प्राप्त अभ्यर्थियों का प्रवेश प्रदेश द्वारा निर्धारित नियमों/शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन होगा।
- प्रदेश की प्रथम काउन्सिलिंग से प्रवेशित अभ्यर्थी की सीट उच्चीकृत/पुनरावंटित होने की स्थिति मे पूर्व काउन्सिलिंग से आवंटित सीट स्वतः निरस्त हो जायेगी।
- आवंटन/प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न होने के पश्चात रिक्त आल इण्डिया कोटे की सीटों को मॉप–अप राउण्ड की काउन्सिलिंग मे स्टेट कोटे में सम्मिलित करते हुये आवंटन प्रक्रिया सम्पन्न की जायेगी।
- ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने नीट पीजी–2018 के अन्तर्गत एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा पाठ्यक्रम की आल इण्डिया कोटे की सीटो के सापेक्ष प्रथम एवं द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंग के माध्यम से आवंटन प्राप्त कर प्रवेशित है, वह द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंग हेतु अर्ह नहीं होगें।

महानिदेशक।